तापमान

अधिकतम 34 .5 डिग्री
न्यूनतम 9 .5 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, सोमवार, 27 अक्टूबर 2025



11 भगवान सबसे बड़ा मित्र, जिसके सामने हम अपना हृदय खोल कर रखतेः आचार्य सोमदेव





12 पूर्वांचल वासियों का खरना पूजा के साथ 36 घंटे का उपवास शुरू, आज छिपते सूर्य को देंगे अर्घ्य




*शहर की जर्जर सड़कों से उड़ रही धूल, एंटी स्मॉग मशीन का पूरी तरह नहीं हो रहा उपयोग*

# आबोहवा खराब कर रहा बढ़ता प्रदूषण स्तर, 376 पर पहुंचा एक्यूआई, पाबंदियों पर नहीं कंट्रोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

■ जिले में गैप-2 की पाबंदियों को नजर अंदाज किया जा रहा

दिपावली के बाद आतिशबाजी से जिले की आबोहवा खराब चल रही है। प्रदूषण के मामले में ग्रैप-2 के प्रतिबंधों पर अभी कोई ढील नहीं दी गई है। प्रदूषण के मामले में हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड किसी को भी छूट देने के मूड में नहीं है, लेकिन जिले में गैप-2 की पाबंदियों को नजर अंदाज किया जा रहा है, जिससे एक्यूआई एक बार फिर 376 पर पहुंच गया है। गत दिवस प्रदूषण का स्तर 300 से नीचे आ गया था। प्रदूषण का स्तर बढ़ने से लोगों को आंखों में जलन व सांस लेने में कठिनाई महसूस हुई। एक्यूआई के अभी और बढ़ने की आशंका बनी हुई। शहर में सड़कों के किनारे मिट्टी जमा हो रही है और न ही ठीक से छिड़काव किया जा रहा। ग्रैप लगने के कुछ दिन एक्टिव रहने के बाद प्रशासन ने ढिलाई बरतनी शुरू कर दी है। रेवाड़ी के धारूहेड़ा कस्बे का बढ़ता एक्यूआई लोगों के स्वास्थ्य के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। रविवार को धारूहेड़ा में सुबह 6 बजे एक्यूआई 359 दर्ज किया गया, जोकि दोपहर एक बजे तक बढ़कर 376 पहुंच गया।

## प्रदूषण का स्तर बढ़ने से लोगों को आंखों में जलन व सांस लेने में कठिनाई महसूस हो रही



नप कार्यालय में खड़ी एंटी स्मॉग मशीन व स्वीपिंग मशीन



रेवाड़ी। बावल रोड पर राजीव चौक के पास सड़क पर फैला कचरा। फोटो :हरिभूमि

### सड़कों पर कम नजर आ रही एंटी स्मॉग मशीन

नगर परिषद की ओर से प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए पिछले दिनों करीब 40 लाख रुपये की कीमत की एंटी स्मॉग मशीन खरीदी गई थी। गैप-2 लगने के बाद मशीन से शहर में एक-दो स्थानों पर ही छिड़काव किया गया है। नप की ओर से एंटी स्मॉक मशीन का पूरी तरह से उपयोग नहीं किया जा रहा है। ग्रैप लगने के बाद भी यह मशीन ज्यादातर समय नप कार्यालय में ही खड़ी दिखाई देती है। इसके अलावा सड़कों के किनारे जमा मिट्टी को हटाने के लिए स्वीपिंग मशीन का भी कम काम लिया जा रहा है।

### लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा असर

डा.रणबीर ने बताया कि ज्यादा एक्यूआई सांस संबंधी बीमारियों, आंखों में जलन और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ा सकता है। दीपावली के बाद से जिले में प्रदूषण का स्तर लगातार ऊंचा बना हुआ है। आतिशबाजी से बढ़ा प्रदूषण का स्तर जर्जर सड़कों से उड़ने वाली धूल, वाहनों से निकलने वाले धुएं, निर्माण कार्य और औद्योगिक इकाईयों से निकलने वाले धुएं के कारण और बढ़ रहा है।



रेवाड़ी। लोगों के बीच से गुजरते डंपर में बिना ढका हुआ कचरा। फोटो :हरिभूमि

### बिना ढंके गुजर रही कचरे की गाड़ियां

*कचरा उठान के डंपर लोगों के बीच से बिना ढके गुजर रहे है। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन गाड़ियों का भी यही आलम है। शहर की सड़को पर गई जगह कचरा भी जमा है, जिसका उठान नहीं किया जा रहा है, यहां तक कि लघु सचिवालय के पास स्थित राजीव चौक के पास सड़क किराने कचरे के ढेर लगे हुए है।*

### ग्रैप-2 में इन गतिविधियों पर पाबंदी



ग्रैप चालू रहने पर भी शहर में ढाबों पर खुले में तंदूर चल रहे है। शहर के रेस्टोरेंट, होटल, ढाबे तथा खुले में भट्टी का प्रयोग करके लकड़ी व कोयला का उपयोग किया जा रहा है। नप टीम की सुस्ती के कारण ग्रैप के प्रतिबंधों की अवहेलना हो रही है। निजी वाहनों के उपयोग को कम करने के लिए पार्किंग शुल्क दोगुना कर दिया जाता है। डीजल और पेट्रोल के चार-पहिया वाहनों और 10 साल पुराने डीजल वाहन प्रतिबंधित हैं। कोयले और जलाऊ लकड़ी का उपयोग प्रतिबंधित है। सभी गैर-जरूरी डीजल जनरेटर पर रोक है। सड़क और इमारतों के निर्माण पर पूर्ण प्रतिबंध है। सड़कों की मैकेनिकल-वैक्यूम स्वीपिंग और धूल से बचाव के लिए पानी का छिड़काव दैनिक रूप से किया जाना चाहिए। कचरा जलाना प्रतिबंधित है।

### शहर में स्थानांतरित होगी प्रदूषण मशीन

पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के एसडीओ दीपक वर्मा ने कहा कि जिले में प्रदूषण जैसी कोई समस्या नहीं है। प्रदूषण के मामले को लेकर सोमवार को प्लानिंग की जाएगी। एसडीओ ने बताया कि धारूहेड़ा में लगी मॉनिटरिंग मशीन राजस्थान के भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र का डेटा दिखाती है। इस मशीन को अब रेवाड़ी शहर में स्थानांतरित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी विवेकानंद। फोटो :हरिभूमि

### कृषि उपकरण चोरी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** ततारपुर खालसा गांव से कृषि उपकरण है चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी कब्जे से चोरी की गई हैरो व हैरो चोरी करने में इस्तेमाल किया गया ट्रैक्टर भी बरामद किया गया है। ततारपुर खालसा निवासी सुनील यादव ने पुलिस शिकायत में बताया था कि उसके खेत गांव ततारपुर खालसा से नंदरामपुर बास रोड पर हैं। उसने अपने कृषि कार्य के लिए अपनी हैरो को खेत में छोड़ रखा था। 22 अक्टूबर की रात उसकी हैरो चोरी हो गई। काफी पूछताछ करने के बाद भी हैरो का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में निखरी निवासी विवेकानंद को गिरफ्तार कर लिया।

### मारपीट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना सदर पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अस्पताल में उपचाराधीन घायल के बयान पर 24 अक्टूबर को आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़ति ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने चांदावास निवासी अजीत और अशोक को गिरफ्तार किया है। दोनों को बाद में पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट का आरोपी भेजा गया जेल

**जाटूसाना।** थाना जाटूसाना पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद एक को जेल भेज दिया। पुलिस ने 29 अगस्त को दर्ज किए गए मामले में गुरूग्राम के फरुखनगर निवासी चमन प्रकाश को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने 20 अक्टूबर को दर्ज एक अन्य मामले में दखोरा निवासी सुनीता को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया।

### दहेज उत्पीड़न मामले में एक आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता को प्रताड़ित करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक गांव निवासी विवाहिता की शिकायत पर दोनों पक्षों के बीच बातचीत के जरिए समझौता कराने के प्रयास किए थे। बातचीत सिरे नहीं चढ़ने के बाद पुलिस ने 20 मई को आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। मामले की जांच के बाद पुलिस ने चरखी दादरी के मिसरी निवासी अतिरेक को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने जून माह में हुए सड़क हादसे के आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 21 जून को हुए सड़क हादसे के बाद केस दर्ज करते हुए जांच शुरू की थी। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। वाहन चालक मौके से फरार होने में कामयाब हो गया था। पुलिस ने इस मामले में जांच करते हुए राजस्थान के डीग निवासी मुस्ताक को गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

# जर्जर सड़क से उड़ रहे धुएं के गुब्बार, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरली कलां

मेन बस स्टैंड के चारों ओर जर्जर हो चुकी सड़क दुकानदारों के लिए भारी परेशानी का सबब बनी हुई। सड़क पर उड़ती धूल से दुकानदारों को सांस लेने तक में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोक निर्माण विभाग की ओर से सड़क की हालत को ठीक नहीं किया जा रहा। दुकानदार रोशनलाल, सुरेंद्र कुमार, अजीत, विक्रम व जितेंद्र आदि ने बताया कि बेरली कलां बस स्टैंड से रेवाड़ी, कोसली, डहीना व जाटूसाना की ओर आए दिन सैकड़ों वाहनों का आवागमन होता है।



रेवाड़ी। बेरली कलां बस स्टैंड के पास टूटी सड़क पर उड़ती हुई धूल। फोटो :हरिभूमि

### सड़क हादसों की आशंका बनी

बस स्टैंड के आसपास सभी रोड टूटकर जर्जर बने हुए हैं। खासकर डहीना से जाटूसाना की ओर निकलने वाली सड़क बदहाल हो चुकी है। इस सड़क से रोजाना सैकड़ों ओवरलोड डंपर राजस्थान से डहीना के रास्ते रोहड़ाई की ओर निकलते हैं। इससे डहीना से लेकर जाटूसाना तक सड़क बुरी तरह टूट चुकी है। इससे सड़क हादसों की आशंका भी बनी रहती है। दुकानदारों ने बताया कि प्रशासन से कई बार सड़क की दशा सुधारने की मांग की जा चुकी है, परंतु अभी तक इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाए गए हैं।

### प्रदूषण को मिल रहा बढ़ावा

टूटी सड़क से रोजाना सैकड़ों वाहनों का आवागमन होता है। इससे सुबह से ही सड़कों पर धूल उड़नी शुरू हो जाती है। यह धूल वायु प्रदूषण को बढ़ावा देने का काम कर रही है। दुकानदारों के लिए खुली हवा में सांस लेना भी मुश्किल बना हुआ है। उनका सामान भी धूल-मिट्टी जमने से खराब हो जाता है। दमा के मरीजों के लिए सड़क से गुजरना तक मुश्किल बना हुआ है। दुकानदारों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क की मरम्मत का कार्य जल्द कराया जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके।

*दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया*

# श्याम मंदिर से बैट्री चोरी करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

परसापुर के श्री श्याम मंदिर से इन्वर्टर की बैट्री चोरी करने के दो आरोपियों को बावल थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। पुलिस शिकायत में नांगल शहबाजपुर निवासी ईश्वरलाल शर्मा ने बताया कि वह परसापुर के श्री श्याम मंदिर में पुजारी है। 24 अक्टूबर की शाम को वह मंदिर में पूजा करने के बाद अपने घर चला गया।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में मंदिर से चोरी के आरोपी।

### दोनों ने बैट्री चोरी की बात स्वीकार की

अगले दिन सुबह जब वह मंदिर पहुंचा, तो मंदिर के कपाट खुले हुए थे। मंदिर का सामना बिखरा हुआ था। चोर मंदिर से इन्वर्टर की एक बैट्री चोरी कर ले गए। आसपास पूछताछ करने पर ग्रामीणों ने बताया कि नंगली परसापुर निवासी राहुल और नांगल शहबाजपुर निवासी नवीन मंदिर के आसपास घूम रहे थे। उसने दोनों पर बैट्री चोरी करने का संदेह जाहिर किया था। बावल थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर जांच करते हुए दोनों आरोपियों को काबू कर लिया। पूछताछ करने पर दोनों ने बैट्री चोरी की बात स्वीकार कर ली।



रेवाड़ी। विधायक का सम्मान करते गुर्जर समाज के लोग। फोटो :हरिभूमि

## गुर्जर समाज ने पोसवाल चौक के सौंदर्यीकरण के लिए जताया आभार

**रेवाड़ी।** रविवार को विधायक लक्ष्मण सिंह यादव के नेतृत्व में कन्हैयालाल पोसवाल चौक पर माला अर्पण करके सफाई अभियान की शुरूआत की गई। सफाई अभियान में सैकड़ों नागरिकों ने सहयोग दिया। इस अवसर पर गुर्जर समाज प्रधान चरणसिंह खटाना ने विधायक व सफाई योद्धाओं का फूलमालाओं से सम्मान किया। गुर्जर समाज ने पोसवाल चौक का सौंदर्यीकरण कराने पर विधायक लक्ष्मण यादव और आरपीएस ग्रुप के चेयरमैन मनीष यादव का आभार भी व्यक्त किया। इस मौके पर गुर्जर समाज से रामसिंह सरपंच, राजेश सरपंच आसलवास, कृष्ण तोंगड, धारा सरपंच, टीटू खटाना, कप्तान दयाराम, पदम चेयरमैन, राजपाल सरपंच, सूबेदार सुंदर कसाना, सुभाष कुमार व शेर सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

# प्राचीन काल से गोसेवा ही सबसे बड़ी सेवाः विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

देवकी गोउपचार सेवा संस्था की ओर से बाबा झेरिया मंदिर में प्रथम गोसेवा सम्मान समारोह पर हवन, भंडारे और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक लक्ष्मण सिंह यादव व बृजेश भाटोटिया उपस्थित थे। इस अवसर विधायक लक्ष्मण सिंह ने कहा कि युवाओं ने गोसेवा करके अपने जीवन को उज्वल बना लिया है, क्योंकि प्राचीन काल से गोसेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। भगवान श्री कृष्ण ने अपने जीवन में गोसेवा की। उन्होंने लोगों को





रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद विधायक व संत-महात्मा।

सतमार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया था। इस मौके पर अतिथियों ने मंदिर में दान स्वरूप राशी भी प्रदान की। इस मौके पर स्वामी प्रेमानंद गिरि महाराज ने भी अपने विचार रखे।

### मौके पर ये मौजूद रहे

इस अवसर पर स्वामी धीरनगिरि, महंत बाबा दयागिरि, स्वामी समर्पणानन्द आश्रम दड़ौली व महंत विजेन्द्र पुरी सहित धारूहेड़ा नगर पालिका अध्यक्ष कंवर सिंह यादव, उपप्रधान अंजय जांगडा, पूर्व मंत्री इन्द्रपाल जेलदार, पूर्व सरपंच शिवदीप जेलदार, मंजित जेलदार, प्रधान राजू जेलदार, समाजसेवी महेंद्र , समाजसेवी मंगल अग्रवाल, एडवोकेट दिनेश राव, श्रीभगवान कोरिया, गायत्री परिवार के वरिष्ठ प्रधान महेंद्र शर्मा व धार्मिक संस्था राधावल्लभ ज्ञान यज्ञ समिति धारूहेड़ा के कार्यकर्ता मौजूद थे। इस अवसर पर लोक गायक विकास पहासोर ने अनेक भजन सुनाएं। देवकी गो उपचार सेवा संस्था ने अतिथियों का सम्मान किया।


**आज से मौसम में बदलाव की संभावना, बादलों के बीच बूंदाबांदी के आसार**

# रात का पारा गिरने से एक्यूआई में नहीं हुआ सुधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

### सीजन की सबसे ठंडी रही शनिवार की रात

नवंबर माह के अंत में रात के समय ठंड का असर बढ़ना शुरू हो गया है। शनिवार की रात इस सीजन की सबसे ठंडी रात रही। दिन के समय धूप सुहानी लगने लगी है। रात का पारा गिरने से वायु प्रदूषण का खतरा बरकरार है। सोमवार से मौसम में बदलाव आने की संभावना है। बादलों के बीच बूंदाबांदी हो सकती है, जिससे प्रदूषण साफ होने में मदद मिलेगी। रविवार को सुबह से ही आसमान साफ बना रहा। अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 34.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रात को तापमान 1.7 डिग्री की गिरावट के साथ 9.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। हवा में नमी का स्तर 40 प्रतिशत तक रहा, जबकि हवाओं की रफ्तार 6 किलोमीटर प्रति घंटा रही। तापमान गिरने से रात के समय ठंड का असर बढ़ना शुरू हो गया है। दिन के समय धूप अब शरीर को चुभना बंद हो गई है। गत वर्ष की तुलना में इस बार ठंड की शुरूआत पहले हो रही है। बीते वर्ष 26 अक्टूबर को अधिकतम तापमान 35.0 डिग्री और न्यूनतम 17.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।



रेवाड़ी। सरसों की बिजाई के बाद खेत। फोटो :हरिभूमि

### कूलरों और एसी का इस्तेमाल लगभग बंद

अक्टूबर माह के अंत तक सर्दी का असर शुरू नहीं हुआ था। इस बार दिवाली से पहले ही रात का पारा गिरना शुरू हो गया था, जिससे कूलरों और एसी का इस्तेमाल भी लगभग बंद हो गया। अब रात के समय रजाई ओढ़ने का समय आ गया है। दिन के समय पंखे जरूर चल रहे हैं, लेकिन रात को पंखों का इस्तेमाल भी कम हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी कमजोर विक्षोभ की सक्रियता 27 अक्टूबर से मौसम में बदलाव ला सकती है। आसमान में बादल गहरा सकते हैं। कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी से लेकर हल्की बारिश तक हो सकती है।

### एक्यूआई में नहीं आ रहा सुधार

रात के समय ठंडा मौसम होने के कारण प्रदूषण का स्तर बढ़ना शुरू हो गया है। बीते शनिवार को इसमें कमी दर्ज की गई थी। रविवार को धारूहेड़ा का एक्यूआई 376 दर्ज किया गया। राजस्थान के भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र की तुलना में धारूहेड़ा का एक्यूआई इस बार ज्यादा चल रहा है। सड़कों पर उड़ने वाली धूल भी एक्यूआई बढ़ाने का कार्य कर रही है। अगर जल्द बरसात होती है, तो इससे पर्यावरण साफ होने के पूरे आसार नहीं है। अगर बारिश नहीं होती है, तो ठंड के साथ प्रदूष का स्तर भी बढ़ेगा।

### फसलों के अनुकूल बना मौसम

रबी की प्रमुख फसल के रूप में सरसों की बिजाई का कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। लगभग 80 फीसदी तक सरसों की बिजाई पूरी हो चुकी है। अगेती फसल जमीन से ऊपर आने लगी है। तापमान में गिरावट के कारण यह मौसम सरसों के लिए पूरी तरह अनुकूल माना रहा है। बीते वर्ष तापमान अधिक रहने के कारण सरसों की फसल को काफी नुकसान हुआ था। बावल क्षेत्र में कई किसानों को फसल की दोबारा बिजाई करनी पड़ी थी। इस समय होने वाली बारिश किसानों के लिए फायदे का सौदा साबित हो सकती है। आने वाले कुछ दिनों तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। इससे दिन के तापमान में गिरावट आने से गर्म कपड़ों का इस्तेमाल शुरू हो जाएगा।

### सड़क हादसे में घायल व्यक्ति ने तोड़ा दम

**बावल।** चांदुवास गांव के पास किसी वाहन की चपेट में आए करीब 55 वर्षीय व्यक्ति की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। उसकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को शिनाख्त के लिए शव गृह में रखवा दिया।

दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर चांदुवास फ्लाईओवर के पास गत 24 अक्टूबर को एक व्यक्ति किसी वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया थाद्ध वह सड़क किनारे बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ था। सूचना मिलने के बाद बावल थाना पुलिस ने घायल हो अस्पताल पहुंचाया था। पुलिस ने घायल व्यक्ति की पहचान कराने के काफी प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिली। रविवार को अस्पताल में उपचार के दौरान व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी।



# करण की फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगे भुवन बाम

**मुंबई।** यूट्यूबर से अभिनेता बने भुवन बाम अब ओटीटी के बाद अब बॉलीवुड में अपने बड़े डेब्यू को तैयार हैं। पिछले कुछ वक्त से ऐसी खबरें आ रही थीं कि भुवन बाम करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म से बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। अब खुद भुवन बाम ने ये कंफर्म कर दिया है और अपने इस बिग डेब्यू पर खुशी भी जताई है। भुवन ने इसे अपने लिए सपना सच होने जैसा बताया है। भुवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर धर्मा के साथ साइन किए गए आर्टिस्ट एग्रीमेंट की एक तस्वीर शेयर की और अपने सपने के सच होने पर अपनी खुशी जाहिर की। अपने कैप्शन में उन्होंने सभी से बड़े सपने देखने का आग्रह किया।

लाइफ Style


# उर्वशी

## जागेश्वर धाम मंदिर में रुद्राभिषेक कर लिया आशीर्वाद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला नैनीताल और अल्मोड़ा में अपने होमस्टेट का आनंद लेती दिखीं। उन्होंने नैनी झील में बोटिंग की, पहाड़ी व्यंजन चखे और जागेश्वर धाम, गोल्ज्यू मंदिर व कैंची धाम आश्रम में दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान फैंस ने उनके साथ सेल्फी और ऑटोग्राफ भी लिए. उर्वशी ने अपनी आने वाली फिल्मों और साउथ प्रोजेक्ट्स की अपडेट भी साझा की।

31 साल की बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला इन दिनों उत्तराखंड की खूबसूरती का आनंद ले रही हैं। रविवार को उर्वशी ने न सिर्फ नैनी झील में बोटिंग का लुत्फ उठाया, बल्कि पारंपरिक पहाड़ी व्यंजन का स्वाद भी चखा। इससे पहले उर्वशी अल्मोड़ा के प्रसिद्ध जागेश्वर धाम मंदिर पहुंचीं, जहां उन्होंने भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए और रुद्राभिषेक कर आशीर्वाद लिया। उर्वशी रौतेला अल्मोड़ा के चितई गोल्ज्यू मंदिर और कैंची धाम आश्रम भी गई। यहां उर्वशी ने नीम करौरी बाबा के दर्शन किए। इस दौरान उर्वशी ने नैनीझील में वोटिंग का लुफ्त उठाया। उर्वशी को देखने के लिए नैनीझील पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने उर्वशी रौतेला के साथ फोटो भी खींचवाई. इतना ही नहीं, उर्वशी के फैंस उनका ऑटोग्राफ भी लिया। उर्वशी ने अपने फैंस से बातचीत की और बच्चों के साथ समय बिताया, जिससे माहौल और भी उत्साही बन गया। बता दें, उर्वशी का पहाड़ों से हमेशा लगाव रहा है इस लिए वो आकर यहां आती रहती है। उन्होंने कहा कि नैनीताल का शांत वातावरण और मौसम उन्हें बेहद पसंद है। उन्होंने इसे अपना 'नौनिहाल' बताते हुए बचपन की यादों से जोड़कर अपनी भावनाएं साझा कीं।



हॉलीवुड मसाला

# शादी के बाद रिलीज किया पहला गाना



**लॉस एंजिल्स।** गायिका और अभिनेत्री सेलेना गोमेज ने एक बार फिर अपने फैंस के लिए एक नया वीडियो पेश किया है। गोमेज ने शादी के बाद इस हफ्ते की शुरुआत में 'इन द डार्क' नाम के नए गाने को रिलीज किया है। उन्होंने इसका वीडियो भी जारी किया है। यह गाना 'नोबडी वांट्स दिस सीजन 2: द साउंडट्रैक' का हिस्सा है, जिसमें क्रिस स्टेपलटन, केसी मुसग्रेव्स और फिननेस जैसे कलाकार भी शामिल हैं। ल्यूक ऑरलैंडो द्वारा निर्देशित इस वीडियो में, गोमेज पूरी तरह से काले रंग की पोशाक पहने हुए बड़ी, खुली जगहों से गुजरती हुई दिखाई दे रही हैं।



# भारत में चौथी बार कॉन्सर्ट करने आ रहे रैपर पिटबुल

**लॉस एंजिल्स।** अंतरराष्ट्रीय रैपर और सिंगर पिटबुल दिसंबर महीने में एक बार फिर भारतीय दर्शकों के सामने लाइव परफॉर्म करने आ रहे हैं। 'मिस्टर वर्ल्डवाइड' के नाम से मशहूर पिटबुल अपने नए टूर 'आई एम बैक' के तहत भारत के दो बड़े शहरों- गुरुग्राम और हैदराबाद में परफॉर्म करेंगे। इस म्यूजिकल टूर की शुरुआत 6 दिसंबर को गुरुग्राम के हुडा ग्राउंड से होगी, जिसके बाद 8 दिसंबर को पिटबुल हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में परफॉर्म करेंगे। पिटबुल का असली नाम आर्मांडो क्रिश्चियन पेरेज है। दुनिया भर में वह अपने हिट गानों 'टिंबर', 'होटल रूम सर्विस' और 'नो लो ट्राटेस' के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्होंने भारत में इससे पहले 2011, 2017 और 2019 में परफॉर्म किया था और हर बार उनके कॉन्सर्ट्स में दर्शकों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला था।



# पिंजर की रिलीज को पूरे हुए 22 साल

**नई दिल्ली।** उर्मिला मातोंडकर और मनोज बाजपेयी की साल 2003 में फिल्म पिंजर आई थी। रविवार को इस फिल्म की रिलीज को 22 साल पूरे हो चुके हैं। पिंजर बॉलीवुड की बेहतरीन और क्लासिक कल्ट फिल्मों में शामिल है। इसमें उर्मिला मातोंडकर और मनोज बाजपेयी ने अपने शानदार अभिनय से खूब वाहवाही लूटी थी। पिंजर को क्रिटिक्स ने खूब सराहा था। इसे काफी पसंद किया गया था। इसका निर्देशन चाणक्य जैसा कालजयी सीरियल बनाने वाले डायरेक्टर चंद्र प्रकाश द्विवेदी ने किया था। फिल्म 1947 में भारत-पाकिस्तान के बंटवारे पर आधारित थी। 22 साल पहले आई इस फिल्म में कलाकारों के अभिनय को काफी सराहा गया था. अगले साल इसने फिल्मफेयर अवॉर्ड भी जीता था। लेकिन, बॉक्स-ऑफिस पर ये मूवी औंधे मुंह गिरी थी।



# ये रोमांटिक गीत दिल को पहुंचाता है सुकून

**नई दिल्ली।** मशहूर सिंगर हेमलता के गानों के करोड़ों लोग फैन हैं, उन्होंने भारतीय सिनेमा को कई बेहतरीन और यागदार गानों की सौगात दी है। 1978 में आए इस गाने को सिंगर हेमलता ने अपनी आवाज से सजाया था और रविंद्र जैन ने लिखा और इसे कंपोज किया था। यह गाना सचिन पिलगांवकर और रंजीता कौर पर फिल्माया गया था। गाने को उस वक्त जितना पसंद किया गया था यह आज भी उतना ही लोगों के दिलों पर राज करता है। हम जिस गाने की बात कर रहे हैं वो है अंखियों के झरोखों से। जी हां अंखियों के झरोखों से एक ऐसा गाना है जिसे आज की जनरेशन भी उतना ही पसंद करती है। इस गाने को अब तक यूट्यूब पर 228 मिलियन व्यूज मिल चुके हैं जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह सॉन्ग आज भी कितना पॉपुलर है।

टीवी मसाला



# सतीश को साराभाई वर्सेस साराभाई की टीम ने दी अंतिम विदाई...

**नई दिल्ली।** 25 अक्टूबर को सीनियर एक्टर सतीश शाह ने इस दुनिया को अलविदा कहा। उनके निधन की वजह किडनी फेलियर बताई गई। 26 अक्तूबर को उनका अंतिम संस्कार किया गया और उन्हें अंतिम विदाई दी गई। इस मौके पर उनके पॉपुलर शो 'साराभाई वर्सेस साराभाई' की लीड कास्ट भी उन्हें श्रद्धांजलि देने साथ आई और उन्हें आखिरी सैल्यूट देते हुए अपने शो का टाइटल ट्रैक 'साराभाई वर्सेज साराभाई' गाया। इस गाने को गाते हुए रुपाली गांगुली बुरी तरह इमोशनल दिखीं और गाना खत्म होने के बाद तो वो खुद को संभाल ही नहीं पाईं। वहां मौजूद हर एक शख्स की आंखें नम थीं। राजेश कुमार भी खुद को संभालने के हालात में नहीं थे। सतीश शाह के निधन के बाद जब उनसे बात की गई तो उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसा लग रहा है जैसे कि उन्होंने अपने पिता को खो दिया है। अनुपम खेर ने भी एक वीडियो शेयर कर सतीश के प्रति अपना प्यार और उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। अनुपम खेर ने बताया कि सतीश सेट पर हमेशा सभी को हंसाया करते थे और जनरल नॉलेज के मामले में तो कोई उनका सानी नहीं था। वह हर एक सवाल पर जवाब देते थे. शायद ही कभी ऐसा हुआ हो जब वो जवाब देने में नाकाम रहे हों। सतीश के दोस्त सचिन पिलगांवकर ने बताया कि उन्होंने किडनी ट्रांसप्लांट केवल इसलिए करावाया था, क्योंकि वे अपनी जिंदगी बढ़ाना चाहते थे ताकि पत्नी मधु शाह की देखभाल कर सकें। क्योंकि, उनकी पत्नी अल्जाइमर से जूझ रही हैं।

## मृदुल की हरकत पर आगबबूला हुए सलमान




**नई दिल्ली।** हर हफ्ते शनिवार-रविवार को बिग बॉस 19 में वीकएंड का वार होता है, जिसमें शो के होस्ट सलमान खान आते हैं और प्रतियोगियों की हफ्ते भर की रिपोर्ट पेश करते हैं। शनिवार को अभिनेता ने कंटेस्टेंट को जमकर फटकार लगाई, जिसमें एक्टर सबसे ज्यादा मृदुल तिवारी पर भड़के। इसके अलावा सलमान ने मृदुल की हरकतों पर कहा कि बिग बॉस के घर में किसी की जान जा सकती थी। सलमान खान ने वीकएंड का वार में मृदुल तिवारी से कहा, 'आपने जो किया वो मजाक नहीं था। आपने पहले खुद अशनूर को छेड़ा, कि वो आपको पूल में डाले। फिर आप माइक निकालकर खुद तैयार हो गए। जब अशनूर ने ये किया तो आपने बदला लेना चाहा। मैं आपके बचकाने गेम्स के बारे में बीच में नहीं बोलता। लेकिन, आपके गेम्स की वजह से ना ही सिर्फ माइक्स खराब हुए, बल्कि आपने अशनूर पर तब पानी डाला जब उनके हाथ में एक हेयर ड्रायर था।' सलमान खान ने आगे कहा, 'आपको पता नहीं है कि हेयर ड्रायर में पानी चला जाता, तो क्या हो सकता था।'

# कांतारा-2 बनी साल की सबसे कमाऊ फिल्म, 'छावा' का रिकॉर्ड तोड़ा

**मुंबई।** ऋषभ शेट्टी अभिनीत फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' ने अपने नाम एक और उपलब्धि दर्ज कर ली है। यह इस साल रिलीज होने वाली फिल्मों में नंबर वन की कुर्सी पर काबिज हो चुकी है। विक्की कौशल अभिनीत 'छावा' को धकेलकर 'कांतारा 2' ने यह स्थान कब्जाया है। अब तक 'छावा' इस साल की नंबर वन फिल्म थी। मगर, अब 'कांतारा चैप्टर 1' ने यह जगह छीन ली है।

***25 दिनों में किया करिश्मा :*** 'कांतारा चैप्टर 1' फिल्म 2 अक्टूबर को थिएटर्स में रिलीज हुई थी। वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन के मामले में यह फिल्म पहले नंबर पर आ गई है। प्राप्त आंकड़ों में इसने अब तक 867 करोड़ रुपये वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन जुटा लिया है। फिल्म ने यह कारनामा अपनी रिलीज के 25 दिन के भीतर कर दिखाया है।

***टॉप 10 की लिस्ट में चार हिंदी फिल्में***



***शामिल :*** इस साल सबसे ज्यादा कमाई करने वाली टॉप 10 भारतीय फिल्मों में अब 'छावा' दूसरे नंबर पर हो गई है। वहीं, इस साल युवाओं के बीच लोकप्रियता बटोरने वाली 'सैयारा' 579.23 करोड़ रुपये वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन के साथ तीसरे नंबर पर है। टॉप 10 की लिस्ट में सिर्फ चार हिंदी फिल्मों ने उपस्थिति दर्ज की है। इनमें- छावा, सैयारा, वॉर और सितारे जमीन पर का नाम शामिल है।

**भारतीय बॉक्स ऑफिस पर जलवा कायम:** भारतीय बॉक्स ऑफिस पर भी 'कांतारा चैप्टर 1' धुआं उड़ा रही है। यह फिल्म 600 करोड़ क्लब में एंट्री लेने वाली है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक अब तक भारत में इसने 583.92 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन कर लिया है। यह फिल्म साल 2022 में आई ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा' का ही प्रीक्वल है।

# लैटिन बिलबोर्ड म्यूजिक अवॉर्ड्स में रैपर बैड का दबदबा

**लॉस एंजिल्स।** मियामी के मंच पर इस साल लैटिन संगीत का सबसे बड़ा उत्सव देखने को मिला। साल 2025 के लैटिन बिलबोर्ड म्यूजिक अवॉर्ड्स में जब विजेताओं की घोषणा हुई तो हर तरफ एक ही नाम सुनाई दे रहा था। वो नाम है- बैड बनी। जी हां, मशहूर रैपर बैड बनी ने एक ही रात में 11 अवॉर्ड्स जीतकर यह साबित कर दिया कि लैटिन म्यूजिक की दुनिया में वो बहुत आगे निकल चुके हैं।

***बैड बनी को मिले कौन-कौन से अवॉर्ड्स?*** : दुनियाभर में 'टीटी मे प्रेगुंतो' जैसे गानों के लिए पहचान बना चुके रैपर बैड बनी ने इस दौरान आर्टिस्ट ऑफ द ईयर, सॉन्गराइटर ऑफ द ईयर और टॉप लैटिन एल्बम जैसे बड़े खिताब अपने नाम किए। उनका हालिया एल्बम देबी तिरार मास फोटोज दर्शकों के बीच रिकॉर्ड तोड़ लोकप्रियता हासिल कर चुका है और अब अवॉर्ड्स ने उसकी सफलता पर मुहर लगा दी है। केवल बैड बनी ही नहीं, बल्कि लैटिन म्यूजिक के दूसरे सितारे भी इस रात अपनी चमक बिखेरते नजर आए। राउ एलेजांद्रो को कई अहम श्रेणियों में फाइनलिस्ट घोषित किया गया, जिनमें आर्टिस्ट ऑफ द ईयर और टूर ऑफ द ईयर जैसी कैटेगरी शामिल थीं। वहीं, करोल जी ने भी अपने लोकप्रिय गीत 'सी आंतेस ते उबिएरा कोनोसीदो' के लिए पांच नामांकन हासिल किए और छह अवॉर्ड्स जीतकर महिलाओं के वर्ग में इतिहास रच दिया।



## बैड ने जीत के बाद क्या कहा?

इस अवॉर्ड नाइट की खास बात यह रही कि लैटिन म्यूजिक ने न सिर्फ अपनी परंपरा बल्कि आधुनिकता का भी संगम पेश किया। मंच पर जब बैड बनी ने अपनी जीत का आभार व्यक्त किया, तो उन्होंने कहा, 'ये अवॉर्ड्स सिर्फ मेरे नहीं हैं, ये उन सभी कलाकारों के हैं जो लैटिन संगीत को विश्व मंच पर ले जा रहे हैं।' वहीं इस दौरान करोल जी ने भी मंच से कहा कि लैटिन महिलाओं के लिए यह दौर नया इतिहास लिखने का है- जहां आवाजें सीमाओं से परे जा रही हैं।

## प्रमुख श्रेणियों के विजेताओं की सूची

| अवॉर्ड श्रेणी | विजेता |
|---|---|
| आर्टिस्ट ऑफ द ईयर | बैड बनी |
| आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (न्यू) | नेटन वेगा |
| टूर ऑफ द ईयर | शकिरा |
| क्रॉसओवर आर्टिस्ट ऑफ द ईयर | बेनी ब्लांको |
| ग्लोबल 200 लैटिन आर्टिस्ट ऑफ द ईयर | बैड बनी |
| ग्लोबल 200 लैटिन सॉन्ग ऑफ द ईयर | कारोल जी |
| हॉट लैटिन सॉन्ग ऑफ द ईयर | बैड बनी |
| हॉट लैटिन सॉन्ग्स आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (पुरुष) | बैड बनी |
| हॉट लैटिन सॉन्ग्स आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (महिला) | कारोल जी |

## शकिरा को 'टूर ऑफ द ईयर' का अवॉर्ड

शकिरा, जिनकी टूरिंग स्टाइल और मंच पर उपस्थिति आज भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देती है, उन्हें इस दौरान 'टूर ऑफ द ईयर' का अवॉर्ड मिला। वहीं बेनी ब्लांको को क्रॉसओवर आर्टिस्ट ऑफ द ईयर का सम्मान मिला, जिन्होंने लैटिन और मुख्यधारा संगीत को आपस में जोड़ने में काफी अहम भूमिका निभाई है।

## लोकगीतों से सजे छठ महापर्व की रौनक भोजपुरी इंडस्ट्री में भी छाई हुई है पूरी तरह

# साड़ी पहन अक्षरा ने किया नहाय खाय, पवन ने जोड़े हाथ

***मुंबई।** भक्ति, आस्था और लोकगीतों से सजे छठ महापर्व की रौनक इस बार भोजपुरी इंडस्ट्री में भी पूरी तरह छाई हुई है। जैसे ही घाटों पर छठी मैया के गीत गूंजे, वैसे ही सोशल मीडिया पर भोजपुरी सितारों के वीडियो और तस्वीरें वायरल होने लगे। पवन सिंह, अक्षरा सिंह, आम्रपाली दुबे, दिनेश लाल यादव निरहुआ और काजल राघवानी जैसे कलाकार इस बार भी अपने-अपने अंदाज में भक्ति की छटा बिखेरते दिखे।*

## गानों से बढ़ाई श्रद्धा की मिठास

भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह हर साल की तरह इस बार भी छठ महापर्व पर अपने नए गीतों के साथ हाजिर हुए। उन्होंने दो गाने रिलीज किए- 'घाट चले मोदी-नीतीश' और 'कौन कलमवां से लिखलवा करमवां'। गाने रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा गए। पवन सिंह ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'जय छठी मइया, सब पर कृपा बनाकर रखना।' उनके गीतों की लोकप्रियता इतनी है कि हर घाट पर अब उनके सुर गूंज रहे हैं। भक्ति और लोकधुन का यह संगम उनके फैंस के लिए किसी तोहफे से कम नहीं।

## साझा किया नहाय खाय का वीडियो

भोजपुरी की लोकप्रिय अदाकारा अक्षरा सिंह ने एक बार फिर अपनी सादगी और श्रद्धा से लोगों का दिल जीत लिया। इस बार वह छठ पूजा में पारंपरिक साड़ी, मांग में सिंदूर और माथे पर बिंदी लगाए दुल्हन की तरह सजीं। अक्षरा ने इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा करते हुए लिखा- नहाय-खाय छठ पूजा की आध्यात्मिक यात्रा की पहली सीढ़ी है। इस दिन व्रती मां छठी और सूर्य देव से आशीर्वाद मांगती हैं कि आने वाले चार दिनों तक वे नियम, भक्ति और शुद्धता बनाए रखें। यह आस्था का वह क्षण है जहाँ हर व्रती अपने जीवन की नकारात्मकता को पीछे छोड़, नवऊर्जा के साथ नई शुरुआत करती है।



## आम्रपाली और निरहुआ का इमोशनल वीडियो

इस बार छठ पर्व पर रिलीज हुआ आम्रपाली दुबे और दिनेश लाल यादव निरहुआ का म्यूजिक वीडियो सोशल मीडिया पर तहलका मचा रहा है। रिलीज के कुछ ही घंटों में इसे 2 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। वीडियो में आम्रपाली एक गर्भवती महिला की भूमिका में नजर आती हैं, जो अपने बच्चे की सलामती के लिए छठी मैया से प्रार्थना करती है। गाने की कहानी, भावनाएं और लोकधुन दर्शकों को रुला देने वाली है। यही वजह है कि लोग इसे 'साल का सबसे भावनात्मक छठ गीत' कह रहे हैं।

## काजल राघवानी ने बताया छठ का अर्थ

भोजपुरी इंडस्ट्री की एक और चर्चित एक्ट्रेस काजल राघवानी ने इस बार अपने सोशल मीडिया वीडियो में छठ के महत्व को बड़ी खूबसूरती से समझाया। उन्होंने कहा कि, "छठ मेरे लिए सिर्फ त्योहार नहीं, बल्कि एक भावनात्मक रिश्ता है जो मुझे मेरी मिट्टी, मेरे बचपन और मेरी मां से जोड़ता है।" उनके इस वीडियो को फैंस ने दिल से अपनाया और खूब शेयर किया।

## भोजपुरी इंडस्ट्री में छठ का उत्सव

हर साल की तरह इस बार भी भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री छठ की भक्ति में रंगी हुई नजर आई। सितारों ने अपने-अपने अंदाज में छठी मइया के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। कहीं घाटों पर लोकगीत गूंजे तो कहीं सोशल मीडिया पर गीतों और तस्वीरों का मेला लगा। भोजपुरी कलाकारों का यह जोश और भक्ति भाव बताता है कि ये त्योहार केवल धार्मिक नहीं, बल्कि भावनाओं और संस्कृति का उत्सव है।

## खबर संक्षेप



### शहर में निकाली प्रभात फेरी

**नारनौल।** सामाजिक संस्था प्रभात फेरी संगठन द्वारा ईश्वर कॉलोनी से 164वीं प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम पंडित सतीश शर्मा एवं शुभम शर्मा ने प्रभात फेरी के मुख्य यजमान और मीनाक्षी देवी, राजकुमार शर्मा परिवार द्वारा ठाकुरजी व निशान का पूजन करके तथा गीता पाठ के साथ शुभारंभ किया। महिला संगठन की सदस्य सुमित्रा सैनी ने भजन के माध्यम से प्रभात फेरी का शुभारंभ किया। संगठन के संचालक घनश्याम गर्ग ने बताया कि चार जनवरी को संगठन द्वारा वृन्दावन और बरसाना की परिकर्मा करी जाएगी। जिसके लिए एक नवंबर से बस की बुकिंग शरू हो जाएगी। इच्छुक व्यक्ति संगठन से संपर्क करके अपनी सीट बुक करा सकता है।

### महाराजा शूर सैनी जयंती समारोह 16 को

**नारनौल।** हरियाणा सरकार इस बार महाराजा शूर सैनी जयंती के राज्य स्तरीय समारोह को नारनौल में आयोजित करने जा रही है। संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के तहत आगामी 16 नवंबर को प्रस्तावित इस समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यातिथि होंगे। इसी कार्यक्रम की तैयारी को लेकर उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने नई अनाज मंडी में कार्यक्रम स्थल का दौरा किया। उपायुक्त ने बताया कि इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम को भव्य रूप दिया जाएगा। इसमें प्रदेश के सभी जिलों से नागरिक पधारेंगे। सभी नागरिकों के लिए कार्यक्रम स्थल पर हर प्रकार की बेहतरीन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरे के संबंध में उपायुक्त ने सभी व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम है।

### रामलीला परिषद में किया सुंदरकांड पाठ

**महेंद्रगढ़।** श्री रामलीला परिषद प्रांगण स्थित सिद्धपीठ बालाजी मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए परिषद के वरिष्ठ कलाकार राजेंद्र यादव पोपली व नगर पालिका के पूर्व प्रधान रामचंद्र जांगड़ा ने बताया कि प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को परिषद प्रांगण में बालाजी मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ आयोजित किया जाता है। शनिवार को किए गए पाठ में ठेकेदार विशाल कोका मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहे। पंडित गौरव शास्त्री ने विधिविधान से पूजन करवाकर पाठ का शुभारंभ करवाया।

### राजकीय वरिष्ठ विद्यालय में लगा एनएसएस कैंप

**महेंद्रगढ़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोथलकला में रविवार को एक दिवसीय एनएसएस कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। शिविर का आयोजन पीजीटी भूगोल पूजा यादव के निर्देशन में किया गया। विद्यालय के प्राचार्य दयानंद ने बताया कि विद्यालय में एक दिवसीय एनएसएस कैंप के अन्तर्गत विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में स्वच्छता कार्य में अपना श्रमदान किया व सभी छात्रों ने मिलकर विद्यालय परिसर की साफ सफाई कर पेड़ पौधों में पानी डाला।

### जिला अध्यक्ष ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

**कनीना।** भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव एडवोकेट ने गांव ककराला में बूथ नंबर 71 पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सुना। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि भाजपा की केंद्र एवं प्रदेश सरकार जनहित को ध्यान में रखकर जन कल्याणकारी नीतियां लागू कर रही है। लाडो लक्ष्मी योजना महिलाओं के लिए महत्वाकांक्षी योजना है जिससे उन्हें आर्थिक रूप से बल मिलेगा। सरकार शिक्षा, चिकित्सा एवं रोड के नेटवर्क को दुरूस्त करने में लगी हुई है।

---

देवउठनी एकादशी 2 नवंबर को, लंबी प्रतीक्षा कर रहे लोगों का इंतजार समाप्त

# चार महीने बाद बजेंगी शहनाइयां, शादी, मुंडन संस्कार गृहप्रवेश आदि सभी मांगलिक कार्य फिर से होंगे शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

विवाह शादियों के लिए लंबे से प्रतीक्षा कर रहे लोगों की अब इंतजार की घड़ियां समाप्त होने वाली है। शादी-विवाह जैसे शुभ-मांगलिक कार्यों का सिलसिला जल्दी ही शुरू होने वाला है। कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को भगवान विष्णु योग निद्रा से जाग जाएंगे, यानी देव उठ जाएंगे। इस के साथ ही चातुर्मास भी समाप्त हो जाएगा। ज्योतिषाचार्य पंडित राहुल भारद्वाज गढ़ी ने बताया की दो नवंबर रविवार को देवउठनी एकादशी रहेगी। देवउठनी को अबूझ सावा मुहूर्त रहेगा, यानि बिना कोई मुहूर्त का विचार करे विवाह या कोई शुभ कार्य कर सकते है। इस दिन से चार माह से रूकी शहनाई फिर से गूंजने लगेंगी और शादी-विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश आदि सभी मांगलिक शुभ कार्य फिर शुरू हो जाएंगे। इस एकादशी को प्रबोधिनी या देवोत्थान एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। एकादशी के दिन भगवान विष्णु व माता लक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। एकादशी का उपवास रखा जाता है। उन्होंने बताया कि ऐसा करने से भक्तों की सभी सभी मनोकामना पूरी होती हैं और अंत में वैकुंठ लोक की प्राप्ति होती है। मुहूर्तः नवंबर- देवउठनी के अबूझ मुहूर्त के अलावा 22, 23, 25, 27, 29 व 30 नवंब, दिसंबर में केवल एक ही मुहूर्त है पांच दिसंबर का है।

16 दिसंबर से 14 जनवरी मकर संक्रांति तक मल मास रहेगा। इस दौरान मांगलिक कार्यों, विवाह शादियों पर विराम रहेगा।

#### इस दिन तुलसी विवाह का भी विधान है:



भारद्वाज गढ़ी ने बताया की इस दिन तुलसी विवाह का भी बहुत अधिक महत्व बताया गया। इस एकादशी के दिन भगवान विष्णु के शालिग्राम स्वरूप का माता तुलसी के साथ विवाह कराया जाता है। मान्यता है कि तुलसी विवाह संपन्न करवाने से कन्यादान के समान फल की प्राप्ति होती है और मोक्ष के द्वार खुल जाते हैं। साथ ही तुलसी जी व शालिग्राम की कृपा से विवाह में आने वाली बाधाएं भी दूर होती हैं। शादीशुदा जीवन में भी खुशियां बनी रहती हैं। जिस किसी के कन्या न हो तो उसे तो तुलसी विवाह करके कन्या दान का पुण्य जरूर कमाना चाहिए।

#### शुक्र होगा अस्त

भारद्वाज ने बताया कि आठ दिसंबर को शुक्र अस्त हो जाएगा। शुक्र अस्त का मतलब है कि शुक्र ग्रह सूर्य के बहुत करीब होने के कारण। इसका प्रभाव कम हो जाता है। ज्योतिष के अनुसार, जब शुक्र अस्त होता है, तो विवाह और अन्य शुभ व मांगलिक कार्यों को रोक दिया जाता है, क्योंकि यह सुख-समृद्धि और भौतिक सुखों के कारक ग्रह के प्रभाव में कमी को दर्शाता है। इसलिए विवाह शादियों के कार्यक्रम फिर से रुक जाएंगे। इसके बाद शुक्र चार फरवरी 2026 को उदय होंगे। तब से विवाह मुहूर्त शुरू होंगे।

#### ये हैं शुभ मुहूर्त

विवाह में शुभ मुहूर्त देखना सबसे महत्वपूर्ण होता है। शुभ मुहूर्त में किया गया विवाह अखंड होता है और वैवाहिक जीवन हमेशा सुख, समृद्धि, संपन्नता तथा प्रेम से भरा रहता है और वैवाहिक जीवन में कभी कोई समस्या नहीं आती। इसलिए विवाह पंचांग अनुसार शुभ मुहूर्त में ही करना चाहिए।

---

### गोशाला में गोपाष्टमी उत्सव 29 को

**नारनौल।** आदर्श गोशाला में 29 अक्टूबर को गोपाष्टमी उत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में सांसद चौ. धर्मबीर सिंह मुख्यातिथि, पूर्व मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा एवं विधायक कंवर सिंह यादव विशिष्ट अतिथि, मार्केट कमेटी चेयरमैन भागीरथ सिंह शेखावत एवं पंजाब हरियाणा हाइकोर्ट बार काउंसिल मेंबर एडवोकेट बलबीर सिंह शेखावत तथा समाजसेवी ओमप्रकाश फौजी अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर सुबह हवन एवं गोपूजन, अतिथियों का स्वागत तथा मास्टर कमल शेखावत, हरिसिंह गुर्जर, बालीनाथ, दीपक पारीक एवं बबली शर्मा आदि लोकगायकों द्वारा धार्मिक व हरियाणवी लोकगीत प्रस्तुत किए जाएंगे।

---

महेंद्रगढ़ की बड़ी आबादी का राजस्थान के गांवों से है नाता, क्षेत्र के लोगों को होगा लाभ

# खातोद तक बनेगी नई सड़क, जर्जर मार्ग को उखाड़ने का कार्य शुरू

- 4.44 करोड़ की लागत से खातोद तक बनाई जाएंगी नई सड़क, राजस्थान से मजबूत होगी जिले की कनेक्टिविटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

लंबे समय से जर्जर हालात में पड़ी महेंद्रगढ़-खातोद मार्ग पर पीडब्ल्यूडी विभाग चार करोड़ 44 लाख रुपये की लागत से सड़क का निर्माण किया जाएगा। विभाग की ओर से बुडीन से बलायचा मोड़ तक की जर्जर सड़क जेसीबी मशीन की सहायता से तोड़ना प्रारंभ कर दिया है। इस सड़क का निर्माण होने से हजारों ग्रामीणों व विद्यार्थियों को काफी फायदा मिलेंगा। इसके अलावा सड़क बनने के बाद न केवल जिले के सात गांवों को सीधा लाभ मिलेगा, बल्कि राजस्थान से जिले की कनेक्टिविटी भी काफी हद तक मजबूत हो जाएगी। विभाग की ओर से फिलहाल जर्जर सड़क को उखाड़ना प्रारंभ कर दिया। विभाग की ओर से जल्द ही इसका निर्माण करवाया जाएगा। बता दें कि महेंद्रगढ़-खातोद मार्ग लंबे समय से खराब स्थिति में है। जगह-जगह बने गड्ढों और उखड़ी हुई सड़क के कारण वाहन चालकों व राहगीरों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। बरसात के दिनों में स्थिति ओर भी बिगड़ जाती थी। गड्ढों में पानी भर जाने से यह सड़क तालाब का रूप ले लेती थी। ऐसे हालात में ग्रामीणों के लिए शहर आवागमन बेहद कठिन हो जाता था। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की दुर्दशा से न केवल समय की बर्बादी होती थी, बल्कि हादसा होने का ड़र बना रहता था। ग्रामीण लंबे समय से इस सड़क का निर्माण करने की मांग कर रहे थे, लेकिन जिला प्रशासन की ओर से कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिल रहा था। अब सरकार की ओर से सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति मिलने से उम्मीद जगी है कि आने वाले समय में उनका सफर आसान होगा। सड़क बनने से जिले व राजस्थान के बीच रिश्तेदारी और व्यापारिक आवागमन भी आसान होगा। महेंद्रगढ़ की बड़ी आबादी का राजस्थान के गांवों से नाता जुड़ा हुआ है।



**महेंद्रगढ़।** विभाग द्वारा बुडीन से बलायचा मोड़ तक की तोड़ी गई सड़क।


#### सड़क उखाड़ने का कार्य शुरू

लोक निर्माण विभाग के जेई अनिल कुमार ने बताया कि इस मार्ग पर सड़क निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। सड़क के निर्माण में चार करोड 44 लाख रुपये की लागत आएंगी। विभाग का लक्ष्य है कि काम को तय समय सीमा में पूरा किया जाए। गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को आने वाले कई वर्षों तक परेशानी का सामना न करना पड़े। विभाग की ओर से जर्जर सड़क को उखाड़ने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

#### सात गांवों को मिलेगा सीधा फायदा

टूटी सड़क के कारण सात गांवों के ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही थी। जिले के अंतिम छोर पर स्थित गांव सोलहा, बोहरा की ढाणी, बुडीन, बलायचा, निम्बेहड़ा, खातोद के ग्रामीण को महेंद्रगढ़ शहर पहुंचने में काफी परेशानी उठानी पड़ रही थी। इन गांवों से प्रतिदिन काफी संख्या में विद्यार्थी व नौकरीपेशा करने के लिए शहर के आते है। टूटी सड़क के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही थी। सड़क का निर्माण होने के बाद ग्रामीण आसानी से महेंद्रगढ़ शहर आ सकेंगे। इसके अलावा यहां के लोगों के पारिवारिक व सामाजिक रिश्ते राजस्थान से जुड़े हुए हैं। बड़ी संख्या में लोग रोजाना राजस्थान आते-जाते हैं, लेकिन टूटी सड़क के कारण आवागमन में काफी परेशानी हो रही थी। नई सड़क बनने के बाद जिले व राजस्थान के बीच आवागमन तेज और सुगम हो जाएगा।

---



**नारनौल।** सभा की कार्यकारिणी को कार्यभार व प्रमाणपत्र सौंपते हुए।

# श्री गौड़ ब्राह्मण सभा की कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

श्री गौड़ ब्राह्मण सभा के त्रिवार्षिक चुनाव में बाद आज सभा के मुख्य चुनाव अधिकारी द्वारा नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को विधिवत कार्यभार सौंप दिया। मुख्य चुनाव अधिकारी ने श्री गौड़ ब्राह्मण सभा के प्रधान राकेश महता को जिला पंजीयक फर्म एवं समिति द्वारा जारी अनुमोदन प्रमाण पत्र सौंपा।

गौरतलब हो कि श्री गौड़ ब्राह्मण सभा के 88 कॉलिजियम सदस्यों का चुनाव 13 जुलाई 2025 को व कार्यकारिणी के चुनाव दो अगस्त 2025 को सम्पन्न हो चुके हैं। उसके बाद मुख्य चुनाव अधिकारी मनीष वशिष्ठ द्वारा हरियाणा समतियां पंजीकरण एवं विनियमन अधिनियम 2012 के प्रावधानों के तहत निर्वाचित कॉलिजियम सदस्यों एवं निर्वाचित कार्यकारिणी का अनुमोदन भी करवा दिया।

#### लेखा जोखा प्रस्तुत

*मनीष वशिष्ठ ने चुनावी प्रक्रिया का लेखा जोखा भी प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि 18 हजार 300 रुपये आवेदन शुल्क विक्रय से, दो लाख 79 हजार 300 रुपये कॉलिजियम सदस्यों के चुनाव के नामांकन शुल्क से तथा 32 हजार 500 रुपये कार्यकारिणी के चुनाव के नामांकन शुल्क से प्राप्त हुए। इस प्रकार कुल तीन लाख 30 हजार एक सौ रुपये की प्राप्ति हुई। कॉलिजियम सदस्यों के चुनाव से लेकर कार्यकारणी पद के चुनाव तक करीब दो महीने चली चुनावी प्रक्रिया में मात्र 60 हजार 830 रुपये का खर्चा हुआ। उन्होंने बताया कि चुनाव के निमित्त प्राप्त राशि से चुनाव समन्न करवा कर दो लाख 69 हजार दो सौ 70 रुपये सभा को बचत भी दे दी। उन्होंने बताया कि भले ही उन्होंने चुनावी खर्चे में मित्तव्ययता की हो, किन्तु इस मित्तव्ययता में कृपणता नहीं थी।*

---

# देवेश बने प्रधान, चरण सिंह जिला मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला मे कार्यरत क्रिड पंचायत लोकल ऑपरेटर की बैठक सुभाष पार्क में भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री हरकेश की अध्यक्षता मे हुई। हरकेश ने भारतीय मजदूर संघ की रीति नीति के बारे मे विस्तार से बताते हुए कहा कि भारतीय मजदूर संघ हमेशा राष्ट्र हित, उद्योग हित और कर्मचारी हित को लेकर कार्य करता है। इस दौरान सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें देवेश को जिला अध्यक्ष, धर्मबीर व ममता को उपाध्यक्ष, चरण सिंह को जिला मंत्री, पुष्पा को जिला सहमंत्री, विजयपाल को कोषाध्यक्ष, दिनेश जांगिड़ को सह कोषाध्यक्ष, नवनीत को प्रैस सचिव तथा विपिन चंद्रपाल को संगठन मंत्री चुना गया। बीएमएस के जिला अध्यक्ष हरकेश ने हरियाणा पंचायत कम्प्यूटर ऑपरेटर यूनियन जिले की नई कार्यकारिणी को बधाई दी और मिलजुल कर संगठन को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया।

नवनियुक्त जिला अध्यक्ष देवेश ने बताया कि सरकार द्वारा प्री एग्जाम क्लियर करने पश्चात मेन एग्जाम जिसमें नेगिटिव मार्किंग भी थी को पास करने उपरांत सीपीएलओ के पद पर नियुक्ति दी गई थी। लेकिन जब हमें वेतन दिया गया तो मात्र छह हजार रूपये ही दिया गया जो कि बेरोजगारी भत्ते से भी कम है। उन्होंने कहा कि हमारे पदों को पंचायत विभाग मे समायोजित किया जाए तथा तकनीकी स्केल वेतन प्रदान किया जाए। जिला मंत्री चरण सिंह ने कहा है कि प्रत्येक सीपीएलओ ग्राम पंचायत का सम्पूर्ण ऑनलाइन कार्य जैसे पंचायत का लेखा जोखा, ई ग्राम स्वराज पोर्टल, लाडो लक्ष्मी योजना, पंचायत सम्पति सर्वे इत्यादि सभी महत्वपूर्ण कार्य करता है और बदले मे नाममात्र वेतन दिया जाता है, जिससे हमारा आर्थिक शोषण के साथ-साथ सामाजिक शोषण भी सहना पड़ता है। अगर सरकार जल्दी ही कर्मचारियों की मांगो को पूरा नहीं करती है तो भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में कर्मचारी प्रदेश स्तर पर बड़ा आंदोलन करेंगे। इस अवसर पर नरेंद्र कुमार, दिनेश, अजय, धर्मेंद्र कुमार, सतपाल सिंह, मनोज, ज्योति, रिया, अनूप, मनीष, नीरज, विकास, भीम सिंह, शेखर, अंकित, जयप्रकाश, सोनू कुमार, प्रदीप, कान्वी आदि उपस्थित रहे।



**नारनौल।** बैठक में भाग लेते कार्यकारिणी के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

---

# माटी कलश यात्रा की तैयारियां हुई तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

1962 भारत चीन युद्ध के अमर शहीदों की शहादत माटी की रेजांगला शहादत माटी कलश यात्रा बिहार से 23 अप्रैल को शुरू हुई थी। यह यात्रा 19 प्रदेशों से होते हुए एक नवंबर को हरियाणा में प्रवेश करेंगी। दो नवंबर को महेंद्रगढ़ में राव तुलाराम स्थित पाल पैलेस में युद्ध वीरांगनाओं का सम्मान सभा के साथ यात्रा शहर के बालाजी चौक, परशुराम चौक, मसानी चौक, गोशाला रोड मालडा गांव होते हुए गांव झूक में इसका समापन होगा। अखिल भारतीय यादव महासभा के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश अध्यक्ष राव रमेश पायलट ने बताया कि हरियाणा के वीर रेजांगला शहीदों में रेवाड़ी -26, महेंद्रगढ़- 16, गुड़गांव- 7, झज्जर- चार, दादरी- तीन, भिवानी- दो व सोनीपत से दो थे। अन्य प्रदेशों से वीर रेजांगला शहीदों में राजस्थान- 25, उत्तर प्रदेश- 24 व पंजाब से एक वीर शहीद था। एक परमवीर चक्र एवं आठ वीर चक्र एवं छह सेना मेडल से नवाजे गए इन महान वीरों को भारत सरकार ने शूरवीरों में अति शूरवीर वीर अहीर खिताब से नवाजा। उन्होंने बताया कि 31 अक्टूबर को राजस्थान-हरियाणा सीमा पर हरियाणा यादव महासभा के पदाधिकारीगण राजस्थान यादव महासभा के पदाधिकारियों से कलश ग्रहण करेंगे। एक नवंबर को अहीरवाल की राजधानी रेवाड़ी शहर में रेजांगला स्मारक पर शहीदों को नमन एवं युद्ध वीरांगनाओं को सम्मानित कर कलश यात्रा पूरे शहर का भ्रमण करेगी। दो नवंबर को महेंद्रगढ़ के पाल पैलेस पर शहीदों को नमन एवं सभा व युद्ध विरांगनाओं को सम्मानित कर राव तुलाराम चौक से पूरे शहर का भ्रमण करते हुए ग्राम मालड़ा होते हुए ग्राम झूक में यात्रा का समापन होगा। तीन नवंबर को नारनौल के नसीबपुर युद्ध स्मारक से यात्रा शुरू होकर शहर का भ्रमण करते हुए यादव धर्मशाला में एक सभा के साथ कलश यात्रा का समापन होगा।



**महेंद्रगढ़।** गांवों का दौरा करते हुए। फोटो : हरिभूमि

---

### यदुवंशी में इंटर स्कूल भाषण प्रतियोगिता आयोजित, छात्रों ने दिखाई प्रतिभा




महेंद्रगढ़। यदुवंशी स्कूल में रविवार को इंटर स्कूल हिन्दी व इंग्लिश भाषण प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें यदुवंशी स्कूल की सभी शाखाओं के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपने प्रभावशाली भाषणों से सबका मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने सामाजिक, शैक्षिक, देश प्रेम व नैतिक विषयों पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में निर्णायकों ने परिणाम घोषित किए गए। जिसमें कक्षा नौवीं से 12वीं हिन्दी भाषण प्रतियोगिता में नेन्सी यादव महेंद्रगढ़ प्रथम, प्राची महेंद्रगढ़ ने द्वितीय, कनीका हांसी व जानवी कनीना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा छठी से आठवीं हिन्दी भाषण प्रतियोगिता में लीना कोसली प्रथम, धीरज ढाणी माउ द्वितीय, कासवी ढाणी माउ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा दूसरी से पांचवीं हिन्दी भाषण प्रतियोगिता में वैभव सोहली प्रथम, वीराजा महेंद्रगढ़ द्वितीय, गर्वित नारनौल व पीयूष सोहली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। अंग्रेजी भाषा प्रतियोगिता कक्षा नौवीं से 12वीं में निधि नारनौल, जागृति सोहली, पंकज ढाणी माउ ने प्रथम, वंशिका महेंद्रगढ़, प्रियांशु ढाणी माउ, जिया रेवाड़ी ने द्वितीय, मेघना मंदोला, सुमित हांसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा छठी से आठवीं तक नव्या सोहली, साक्षी कोसली ने प्रथम, अवनी सतनाली ने द्वितीय, हर्षिता कनीना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा दूसरी से पांचवीं में रिषभ प्रथम व जैविका नारनौल द्वितीय, परिक्षिता हांसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

---

रेलमंत्री को भेजा ज्ञापन

# वंदे भारत की जगह साधारण ट्रेन चलाने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

रेवाड़ी वाया महेंद्रगढ़ रेलवे मार्ग पर वंदे भारत ट्रेन की जगह साधारण वंदे भारत ट्रेन चलाने को लेकर दैनिक रेलयात्री महासंघ ने रविवार को रेलमंत्री के नाम स्टेशन मास्टर कर्मवीर को एक ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर दैनिक रेलयात्री महासंघ अध्यक्ष रामनिवास पाटोदा ने बताया कि रेलवे बोर्ड की ओर से बीकानेर से दिल्ली तक नई वंदे भारत ट्रेन चलाई गई है। यह ट्रेन दिल्ली से वाया, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, लोहारू, सादलपुर, चुरू, रतनगढ से होते हुए बीकानेर पहुंचती है। इस ट्रेन का महज कुछ ही स्टेशनों पर ठहराव किया गया है, जबकि दिल्ली से बीकानेर के बीच बहुत कम ट्रेनों का संचालन हो रहा है। उन्होंने कहा कि दैनिक यात्री महासंघ का सुझाव है कि वंदे भारत ट्रेन की जगह साधारण वंदे भारत ट्रेन का संचालन किया जाएं तथा साथ इसका चंडीगढ़ तक विस्तार किया जाए। साधारण वंदे भारत ट्रेन का संचालन शुरू होने के बाद दिल्ली, हरियाणा व राजस्थान प्रदेश के लोगों को ज्यादा फायदा मिलेगा।



**महेंद्रगढ़।** स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते दैनिक रेलयात्री महासंघ के सदस्य।

#### सुबह सायं किया जाए ट्रेनों का संचालन

वहीं इस रूट पर चलने वाली सभी एक्सप्रेस व सुपरफास्ट गाड़ियों का केवल रात्रि को संचालन हो रहा है। इसलिए यहां की जनता रेल सेवा से वंचित रह जाती हैं। दैनिक रेल यात्रियों का कहना है कि इस रूट पर सुबह-शाम यात्रियों के अनुसार ट्रेनों का संचालन शुरू किया जाए। यात्री अपनी रोजी-रोटी के लिए कंपनियों में काफी संख्या में कार्यरत हैं। ट्रेनों का समय सहीं नहीं होने पर प्राईवेट वाहनों में अधिक किराया देकर यात्रा करने को मजबूर हैं। जिससे समय व धन की बबार्दी होती हैं।

---

# दिग्विजय चौटाला की मौजूदगी में दर्जनों युवा जजपा में शामिल



**नारनौल।** दिल्ली के असोला फार्म में में जजपा पार्टी का पट्का पहनाकर युवाओं को शामिल करते दिग्विजय चौटाला। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

महेंद्रगढ़ जिले के दर्जनों युवाओं ने जननायक जनता पार्टी का दामन थाम लिया। दिल्ली के असोला फार्म में आयोजित इस कार्यक्रम में युवाओं का यह सामूहिक प्रवेश जेजेपी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस मौके पर जेजेपी के जिला प्रवक्ता विजय छिलरो ने बताया कि नारनौल क्षेत्र से जुड़े कई युवा साथियों ने रविवार पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। पार्टी में शामिल होने वालों में प्रमुख रूप से धर्मेन्द्र, देवेंद्र, साहिल, नवीन, रोहित, हरीश, मनोज, योगेश, राजपाल, सुरेंद्र, राजकुमार, जगदीप, संजय, विजेन्द्र, प्रदीप और रोटाश शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने कहा कि वे पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की सोच से प्रभावित हैं, जिन्होंने प्रदेश के युवाओं के लिए निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत रोजगार आरक्षण का वादा किया था और उसे पूरा भी किया। इस अवसर पर कुलदीप जांगड़ा और योगी आदलपुर के प्रयासों से यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। दोनों नेताओं ने नए कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि जेजेपी परिवार में शामिल होकर युवाओं ने सही निर्णय लिया है।

## खबर संक्षेप

### बाबा देवनारायण के जागरण का हुआ आयोजन

खोल। जिले के गांव खोल में रविवार को बाबा देवनारायण के जागरण और भंडारे का आयोजन धूमधाम से किया गया। पुजारी धोलाराम और महंत लालनाथ महाराज के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में जिला प्रमुख मनोज यादव, समाजसेवी अनिल रायपुर, अनिल पुरोहित, जिला पार्षद जयसिंह, सरपंच रविंद्र हाथी माजरा, पूर्व जिला पार्षद आजाद सिंह नांधा, कृष्ण डीपी मनेठी, विजय बैरियर आदि मौजूद रहे।

### वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया

रेवाड़ी। माता रमाबाई सामाजिक उत्थान संस्था की ओर से रविवार को आजाद नगर स्थित कार्यालय में वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। संस्था के प्रधान इंजीनियर बुधराम पंवार ने बैठक की अध्यक्षता की तथा अध्यक्षता में तथा डीआईसी से ऑब्जर्वर सतबीर सिंह यादव सहित संस्था के सभी सदस्य मौजूद थे। संस्था प्रधान ने सभी सदस्यों का स्वागत किया।

### सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने का आह्वान

रेवाड़ी। मेघवाल उत्थान समिति हरियाणा की ओर से रविवार को जिले के दो प्रमुख गांवों में सभाओं का आयोजन किया गया। बावल ब्लॉक के बालावास और रेवाड़ी ब्लॉक के चिल्हड़ गांव में आयोजित हुई सभाओं में वक्ताओं ने समाज से मेघवाल शब्द से पहचान स्थापित करने और सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने का आह्वान किया। इस मौके पर अशोक मेघवाल सह सचिव, गुरुग्रमा जिला प्रधान भूप सिंह बेलवा, रविंद्र पूर्व सरपंच, सावंत सिंह पूर्व सरपंच, हीरालाल वैध, राहुल मेघवाल, सतीश नांगल तेजू व लालचंद फोरमैन सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

### रिटायर्ड कर्मचारियों ने विकास के मुद्दों पर की चर्चा

रेवाड़ी। रविवार को सीनियर सिटीजन क्लब में शंकर सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता में रिटायर्ड कर्मचारियों की मीटिंग आयोजित की गई, रिटायर्ड कर्मचारियों के विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर शहर के विकास में योगदान देने पर भी चर्चा की गई। बैठक में मनोज यादव रिटायर्ड ईओ, सुरेन्द्र सिंह यादव रिटायर्ड चीफ मैनेजर, कैलाश चंद रिटायर्ड ऑडिटर, बीर सिंह प्रधान, विनोद यादव रिटायर्ड थानेदार, ईश्वर सिंह रिटायर्ड हेडमास्टर, पृथ्वी सिंह आदि मौजूद रहे।

आज छिपते सूर्य को देंगे अर्घ्य

# पूर्वांचल वासियों का खरना पूजा के साथ 36 घंटे का उपवास शुरू

बाजार में पूजन सामग्री खरीदने के लिए पूर्वांचलवासियों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सूर्य देव की उपासना में भक्त लीन होने शुरू हो गए हैं। चार दिवसीय छठ पर्व के दूसरे दिन शहर के बाजार में छठ पर्व मनाने के लिए पूजन सामग्री खरीदने के लिए पूर्वाचलवासियों की काफी भीड़ रही, जिनमें महिलाओं की संख्या ज्यादा थी। नहाय-खाय के साथ पर्व की गत दिवस शुरूआत हो चुकी है। सभी व्रतधारियों ने सूर्य उपासना करने के बाद व्रत रखा। कहा जाता है कि गंगा में नहाकर ही इस व्रत की शुरूआत की जाती है, लेकिन लोगों ने गंगाजल की कुछ बूंदें पानी में मिलाकर स्नान किया। रविवार शाम को खरना पूजा के साथ पूर्वाचलवासियों का छठ पर्व का उपवास शुरू हो गया है, जोकि 36 घंटों तक चलेगा। व्रतियों ने रविवार को पूरे दिन निर्जला व्रत रखा, शाम को उन्होंने हवन व पूजा के बाद खरना का प्रसाद, गुड़ की खीर और मीठी रोटी के रुप में ग्रहण किया तथा अपने चिर-परिचितों को भी मीठी खीर व मीठी रोटी का प्रसाद वितरित किया। बिहार के मगध क्षेत्र की परंपरा को मानने वाले लोगों ने चावल, चने की दाल, चावल का पीठा बनाकर आस-पडोस के व्रतियों को भोजन कराया।




छठ पूजा को लेकर सामग्री खरीदती महिला व छठ पूजा को लेकर सोलहराही तालाब में बनाया गया कृत्रिम घाट,नाईवाली सब्जीमंडी में पूजन सामग्री खरीदने के लिए लगी भीड़।



### कृत्रिम घाटों में भरा जा रहा स्वच्छ जल

शहर के सोलहराही, ढालियावास, कोनसीवास रोड, कालाका रोड व धारूहेड़ा में बनाए गए अस्थाई घाटों में स्वच्छ जल भरा जा रहा है। सूर्य भगवान की प्रतिमा भी स्थापित की जा रही है। सांस्कृतिक आयोजन की तैयारियां भी जारी हैं। व्रतधारी इन तालाबों व सरोवरों में खड़े होकर सूर्य की उपासना कर अर्घ्य देंगे।

### जिले में यहां होंगे कार्यक्रम

शहर में पूर्वांचल छठ पूजा समितियों की ओर से अस्थाई छट घाटों का निर्माण किया गया है। पूर्वांचल सेवा समिति की ओर से 27 अक्टूबर को शाम 4:30 से 6:30 तक छिपते सूर्य को अर्ध्य दिया जाएगा। इसी दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 28 अक्टूबर को प्रातः 5 बजे से उगते सूर्य को अर्ध्य दिया जाएगा। पूर्वाचल छठ पूजा समिति की ओर से कोनसीवास रोड स्थित श्याम वाटिका के पास कृत्रिम घाट बनाकर आयोजन की तैयारी की गई है। समिति के प्रधान राजीव कुमार यादव, महासचिव संजय मिश्रा, कैशियर विमल ठाकुर, संगठन सचिव प्रेम प्रकाश, उप प्रधान धीरेन्द्र कुमार व मीडिया प्रभारी सर्वजीत सिंह ने बताया कि 27 अक्टूबर को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। कार्यक्रम के मुख्यातिथि विनीता मेहता, शामो देवी, ममता देवी, सुनीता शर्मा, डा. रवि रंजन, डा. अभय कुमार व उद्योगपति मनीकांत राय दीप प्रज्जवलित करेंगे। प्रधान ने बताया कि 27 अक्टूबर को शाम 4 बजे से छिपते सूर्य को अर्ध्य दिया जाएगा तथा 28 अक्टूबर को प्रातः 4 बजे से उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन किया जाएगा।



रेवाड़ी। धानक समाज डहीना ब्लॉक की नई कार्यकारिणी। फोटो :हरिभूमि

# गुलशन कुमार बने धानक समाज डहीना ब्लॉक के प्रधान

■ मीटिंग के बाद धानक समाज की डहीना ब्लॉक की कमेटी का गठन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

धानक समाज डहीना ब्लॉक की मीटिंग रविवार को धानक धर्मशाला डहीना में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता रत्नसिंह ने की। मीटिंग का संचालन दयाराम मोरवाल ने किया।

मीटिंग में समाज के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। इस मौके पर समिति के संरक्षक ओमप्रकाश डाबला, प्रधान वेदप्रकाश बनवाल, महेंद्रसिंह रिटायर्ड प्रिंसिपल, जेई रामनिवास, रवि प्रकाश इंदौरा, रामोतार नाहड़, बॉलयोगेश्वर, रामौतार पचेरवाल, विजय सिंह इंदौरा, गजराज निनानिया, टीनू प्रधान, मनोहर लाल, सुभाष सोलंकी व नरेंद्र सोलंकी ने अपने विचार रखे। मीटिंग में यह निर्णय लिया गया कि समाज को नशे की बुराई से दूर रखने का प्रयास किया जाएगा तथा शिक्षा के प्रति समाज के लोगों को जागरूक किया जाएगा तथा जिला स्तर पर समाज के बच्चों के लिए जल्द कोचिंग की व्यवस्था की जाएगी। मीटिंग के बाद धानक समाज की डहीना ब्लॉक की कमेटी का गठन किया गया, जिसमे गुलशन कुमार डहीना को प्रधान, कृष्ण सोलंकी कंवाली, नरेश कुमार निमोठ व मुकेश कुमार मंदोला को उप-प्रधान, पवन कुमार सोलंकी को महासचिव, प्रेम सोलंकी को सह सचिव, रामनिवास निमोठ को कोषाध्यक्ष, जिले सिंह निसान को सह कोषाध्यक्ष, प्रेस सचिव लखन सिंह, समन्वयक महेंद्र सिंह, रमेशचंद्र व प्रताप सिंह को संरक्षक, रत्न सिंह व लीला राम मंदोला, कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र सिंह, नरेश कुमार व विजेंद्र सिंह को बनाया गया।

इस अवसर पर भूप सिंह खरेरा, दलीप डाबला, देशराज डाबला, धर्मेंद्र कुमार प्रधान खोल ब्लॉक, मुकेश कुमार प्रधान नाहड़ ब्लॉक , संदीप सोलंकी, मोहिन्दर सिंह, हरिराम, अभय सिंह, श्रीभगवान, ताराचंद व रामकुमार सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# महिलाओं के लिए वरदान साबित होगी दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजनाः लक्ष्मण



■ पात्र महिलाएं इस योजना का लाभ लेने के लिए अपना पंजीकरण जरूर करवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि हरियाणा सरकार महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने को लेकर संकल्पित है। महिलाओं के उत्थान को लेकर सरकार ने अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू करते हुए उन्हें प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना महिलाओं के लिए वरदान साबित होगी। पात्र महिलाएं इस योजना का लाभ लेने के लिए अपना पंजीकरण जरूर कराएं। विधायक ने कहा कि सरकार विशेष रूप से महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से अनेक योजनाएं लागू की हुई हैं। इनमें से हाल ही में शुरू की गई दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के माध्यम से पात्र महिलाओं को नवंबर माह से प्रतिमाह 2100 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

### ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना उद्देश्य

विधायक ने बताया कि प्रदेश में 5 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। स्वयं सहायता समूहों की 2.77 लाख से अधिक महिलाओं की पहचान लखपति दीदी बनाने के लिए की जा चुकी है। महिला उद्यमिता और आर्थिक स्वतंत्रता के उद्देश्य से 18 दिसंबर 2024 को पानीपत से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बीमा सखी योजना की शुरूआत की है। इस योजना के तहत चयनित महिला एजेंट को स्टाइफंड के तौर पारिश्रमिक दिया जा रहा है। योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इसी तरह लाडो सखी योजना बेटी बचाओ बेटी बचाओ अभियान को गति देने के लिए शुरू की गई है। वहीं राज्य की सभी महिला सरपंचों को उनके गांव का ब्रांड एंबेसडर बनाने का निर्णय भी लिया गया है।

# जरूरतमंदों को इलाज के लिए आवेदन के 15 दिन में सीएम राहत कोष से मिलेगी आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



■ राशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी

हरियाणा सरकार की ओर से आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता प्राप्त करने वालों को सरल पोर्टल पर सुविधा प्रदान की जा रही है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि अब आर्थिक सहायता के लिए प्रार्थी आवेदक सरल पोर्टल के माध्यम से सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री राहत कोष से मिलने वाली आर्थिक सहायता की राशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। डीसी मीणा ने बताया कि आवेदक अपने पीपीपी यानि परिवार पहचान पत्र आईडी के माध्यम से सरल पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। अवेदक अपने चिकित्सा बिल व ओपीडी बिल जैसे अन्य दस्तावेजों को अपलोड कर मुख्यमंत्री राहत कोष से चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं। योजना में किए गए बदलावों के तहत यदि कोई बीमारी आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना में कवर नहीं हो रही है, तो आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को भी इस योजना के तहत लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री राहत कोष के अंतर्गत आर्थिक सहायता के लिए जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है, संबंधित एमपी, संबंधित एमएलए, उपायुक्त, सिविल सर्जन, नगर परिषद व नगर पालिकाओं के अध्यक्ष, जिला परिषद के चेयरमैन, पंचायत समिति के चेयरमैन को सदस्य और नगराधीश को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

### यह है आवेदन मंजूरी की प्रक्रिया

डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि जैसे ही आवेदक आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिए पोर्टल पर अपना आवेदन डालेगा, वैसे ही आवेदन को संबंधित क्षेत्र के सांसद, विधायक, अध्यक्ष जिला परिषद, अध्यक्ष ब्लॉक समिति, मेयर/एमसी के अध्यक्ष के पास भेजा जाएगा और ये जनप्रतिनिधि पांच दिन के भीतर अपनी सिफारिशों के साथ डीसी कार्यालय को भेजेंगे। उसके उपरांत आवेदन को डीसी कार्यालय की ओर से तहसीलदार को आवेदक की चल-अचल संपति की वेरिफिकेशन तथा सिविल सर्जन को मेडिकल दस्तावेजों के सत्यापन के लिए भेजा जाएगा। पूरी प्रकिया में संपत्ति की वेरिफिकेशन के लिए चार दिन व सिविल सर्जन कार्यालय से जुड़े सत्यापन कार्य के लिए पांच दिन की समयसीमा निर्धारित की गई है।

# समाज का कल्याण करना ही सरकार का उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल

■ मासिक पेंशन को 3200 रुपये करने का ऐतिहासिक कदम उठाया



बावल विधायक डा. कृष्ण कुमार

बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार अंत्योदय की भावना के साथ समाज के कल्याण के प्रति संकल्पित है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुजुर्गों का मान सम्मान बढ़ाते हुए मासिक पेंशन को 3200 रुपये करने का ऐतिहासिक कदम उठाया है। सरकार की ओर से सभी वर्गों के लोगों के लिए बिना भेदभाव के समान रूप से जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कर आलीजामा पहनाया जा रहा है। विधायक डा. कृष्ण कुमार ने बताया कि सरकार ने हरियाणा दिव्यांग पेंशन नियम, 2016 में संशोधन करके मासिक दिव्यांग पेंशन का लाभ 10 और श्रेणियों को दिया गया है। हरियाणा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की ओर से विभिन्न श्रमिक योजनाओं के तहत 3,29,222 श्रमिकों को 580.31 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी जा चुकी है। इसके साथ हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड की ओर से विभिन्न श्रम कल्याण योजनाओं के अन्तर्गत 187.40 करोड़ रुपये की राशि सीधे श्रमिकों के बैंक खातों में वितरित की गई है। सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना और मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 100 गज तथा शहरी क्षेत्रों में 50 गज तक के रिहायशी प्लॉट की रजिस्ट्री पर स्टांप ड्यूटी खत्म करने का निर्णय भी लिया है।

### पांच नए श्रम न्यायालय स्थापित किए जाएंगे

विधायक ने कहा कि सरकार की ओर से प्रदेश के विभिन्न चौराहों पर 150 श्रमिक शेड स्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा 5 नए श्रम न्यायालय सोनीपत, गुरुग्राम, सोहना, पलवल तथा बावल में स्थापित करने का निर्णय भी लिया गया है। दयालु योजना के तहत 1.80 लाख रुपये तक वार्षिक आय वाले पात्र परिवारों को आर्थिक सहायता दी गई है। उन्होंने बताया कि अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना दयालु-2 के तहत कुत्ते के काटने या लावारिश पशुओं के हमले से मौत या चोट पर आर्थिक सहायता देने प्रावधान भी किया गया है। उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य सहकारी आवास प्रसंघ की ओर से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के व्यक्तियों को 12.50 लाख रुपये तक का ऋण 7 प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध कराया गया है।

### कैंप में 144 लोगों ने करवाई स्वास्थ्य जांच

रेवाड़ी। यादव कल्याण सभा की ओर से रविवार को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। कैंप में 144 मरीजों को ओपीडी सेवाओं के साथ फ्री दवाइयां प्रदान की गई। शिविर में डा. तरुण यादव गुर्दा रोग विशेषज्ञ ने मेडिसन, डा. आर बी यादव ने हड्डीरोग, डा. करतार सिंह यादव ने सर्जरी, डा. अजीत सिंह यादव ने चर्मरोग, डा. गौतम यादव ने नेत्ररोग व डा. मनीष यादव ने ईएनटी में ओपीडी सेवाएं प्रदान की। कैंप में आयोजन में जसवंत सिंह यादव, अमर सिंह, राम सिंह, प्रो. सतीश व शशिभूषण ने सहयोग दिया।

# राजा भागीरथ की कठोर तपस्या से धरती पर अवतरित हुई गंगा मैया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हमारा परिवार संस्था के तत्वाधान में रविवार को पंजाबी धर्मशाला में प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि पंजाबी बिरादरी के प्रधान प्रेमनाथ गेरा, राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ के जिला प्रधान दीपेश भार्गव व संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने कहा कि कपिल मुनि के श्राप से राजा सगर के 60000 पुत्र भस्म हो गए थे। उनके उद्धार का एकमात्र उपाय था, पतित पावनी गंगा मैया बैकुंठ से धरती पर अवतरित हों। राजा भागीरथ ने 12000 वर्षों तक कठोर तपस्या की, जिससे प्रसन्न होकर भगवान शिव की जटाओं से होकर गंगा मैया धरती पर आई, राजा सगर के 60000 पुत्रों का उद्धार हुआ। गंगा मैया में प्रतिदिन असंख्य श्रद्धालु डूबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं। संस्था के ईकाई प्रमुख दयानंद आर्य, उपप्रधान हेमंत ग्रोवर व शिक्षाविद डा. बलबीर ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने देश को अंग्रेजों से आजाद कराने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रो देवेंद्र कुमार, हिमांशु, नयन, कपिल, ओजस्वी, पूर्वांशी, सोनिया, के एल कोहली, राजेंद्र सिंह व संजय सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।



कार्यक्रम में अतिथियों का सम्मान करते हुए संस्था के सदस्य।

### पुलिस व आमजन के तालमेल से पाया जा सकता नशे की बुराई पर नियंत्रणः एएसआई जितेन्द्र



रेवाड़ी। ग्रामीणो को जागरूक करती नशा मुक्त फोटो : हरिभूमि

रेवाड़ी। जिले को नशामुक्त बनाने को लेकर जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम के प्रयास लगातार जारी हैं। रविवार को जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम ने गांव रोहड़ाई, सैदपुर चांग व पहराजवास में ग्रामीणों के साथ बैठक कर गांवों को नशा मुक्त करने तथा युवाओं को नशे से दूर रखने को लेकर विचार-विमर्श किया। इस मौके पर एएसआई जितेन्द्र कुमार ने कहा कि पुलिस और आमजन अगर आपस में तालमेल के साथ कार्य करें तो नशे जैसी बुराई पर नियंत्रण पाया जा सकता है। नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा। पुलिस के इस अभियान से प्रेरित होकर जहां युवा शिक्षा और खेल गतिविधियों की ओर अग्रसर हो रहे हैं वहीं पर अनेक नशा ग्रस्त युवकों ने नशा छोड़ने की पहल भी की है, जिनका स्थानीय प्रशासन की मदद से इलाज कराकर उन्हें फिर से समाज की मुख्यधारा में शामिल किया गया है। अगर किसी के पास भी किसी प्रकार की नशे संबंधी सूचना है तो इस बारे पुलिस को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 या 112 नंबर पर सूचित करे।

आर्य महोत्सव में योगासनों का प्रदर्शन किया व योग से बीमारियों को दूर करने के उपाय बताए

# परमात्मा और उसका ज्ञान है परम सत्य : आचार्य रामतीर्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

आचार्य सोमदेव ने योगासनों के साथ साथ परमात्मा से योग हो जाने का प्रमुख उद्देश्य बताया

नाईवाली सब्जी मंडी स्थित आर्य समाज मंदिर में रविवार को प्रवचन व सम्संग कार्यक्रम में वैदिक प्रवक्ता व प्रधान आचार्य रामतीर्थ ने कहा कि परमात्मा और उसका ज्ञान परम सत्य है और ज्ञान का मूल स्त्रोत परमात्मा व वेद है। उन्होंने आर्य महोत्सव में योगासनों का प्रदर्शन किया व योग से बीमारियों को दूर करने के उपाय बताए। इस अवसर पर आचार्य सोमदेव ने योगासनों के साथ-साथ परमात्मा से योग हो जाने का प्रमुख उद्देश्य बताया। उन्होंने ईश्वर के मार्ग को सरलता से बताते हुए कहा कि ईश्वर रक्षा करने वाले हैं। कण-कण में रहने वाले हैं। पवित्र अंतरण वाले उसके अनुगामी होते हैं। हाथ से दान करने वाले उसके पथ को प्राप्त करते हैं। गुणों से अलंकृतजन उसके आशीर्वाद से सुशोभित होते हैं और परम तत्व को, परमेश्वर को प्राप्त करते हैं।



रेवाड़ी। आर्य समाज के महोत्सव में मौजूद प्रबुद्धजन। फोटो : हरिभूमि

### भगवान सबसे बड़ा मित्र

भगवान सबसे बड़ा मित्र है। ऐसा मित्र है, जिसके सामने हम अपना हृदय खोल कर रखते हैं। मां-बाप से भी हम कोई बात छुपा लेते हैं, परंतु परमात्मा के पास जब हम निर्मल हृदय से होते हैं तो, उससे हम कोई बात नहीं छिपाते हैं। परमात्मा हमें भले में लगता है, गुणों में वृद्धि करता है। गुणवान बना देता है, जबकि हम उसके रास्ते पर चलते हैं। परमपिता आपत्ति में भी हमें कभी नहीं छोड़ता, विचलित नहीं होने देता वह परम मित्र है, सन्मित्र है हम उसकी तरफ एक कदम बढ़ाएं, वह तो हमारी तरफ बढ़ रहे हैं, उनकी कृपा बरस रही है। इस अवसर पर नरेंद्र आचार्य, महाशय धर्मपाल, अनिल आर्य, सुरजीत आर्य, प्रभु दयाल, आर्य लोकेश आर्य, नरोत्तम आर्य, शशि आर्या, मीरा आर्या, पंकज कमल, रामावतार एकलव्य, महात्मा यश देव, देशराज आर्य व जसवंत आर्य उपस्थित थे।